संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --पृष्ठ 04 दिनांक 31/01/2021

**झील संरक्षण योजना** • नगर निगम व पर्यावरण नियोजन एवं समन्वयक संगठन के बीच एमओयू

# अमृतसागर तालाब केमिकल ट्रीटमेंट से साफ होगा, दो नाले करेंगे डायवर्ट

**▪ जलकुंभी से 2022 अंत तक मिलेगा छुटकारा**

**▪ 23 करोड़ रुपए से होगा तालाब का सौंदर्यीकरण**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

0.18 वर्ग किमी में फैले अमृत सागर तालाब के गंदे पानी, जलकुंभी और बदबू से परेशान आसपास की 11 कॉलोनियों के 24 हजार से ज्यादा रहवासियों को 2022 अंत तक छुटकारा मिल जाएगा। 13 साल की मेहनत के बाद 4 फरवरी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों तालाब को संवारने का झील संरक्षण योजना में बना प्रोजेक्ट जमीन पर उतर जाएगा।

नगर निगम और राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के पर्यावरण नियोजन एवं समन्वयक संगठन के बीच एमओयू साइन हो चुका है। इसमें तालाब में मिलने वाले बोहरा बाखल और लक्कड़पीठा नाले को डायवर्ट करके जलकुंभी खत्म करने पानी को केमिकल ट्रीटमेंट से साफ होगा।

सुरक्षा के बाउंड्रीवॉल बनाने के साथ पाल भी चौड़ी होगी। इस पर पॉथ-वे और मनोरंजन के लिए प्ले एरिया भी बनेगा। 2007 से सौंदर्यीकरण के लिए बनना शुरू हुई योजना 2019 में बंद हो गई थी, जिसे विधायक चेतन्य काश्यप ने केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से बात कर फिर स्वीकृत करवाया था।

**इन्हें फायदा :** श्रीनगर, अमृत सागर कॉलोनी, दीनदयाल नगर, टाटा नगर, रिद्धि-सिद्धि, बोहरा बाखल, त्रिपोलिया गेट, आदर्श कल्याण गुरु नगर, मोती नगर, राम नगर व अन्य।

### 4 दिन बाद मिलेंगे 4 करोड़ रुपए, 24 हजार रहवासियों को मिलेगी गंदगी से राहत

**3.88 करोड़ :** मशीन व केमिकल ट्रीटमेंट से जलकुंभी को खत्म करना
**3.47 करोड़ :** तालाब में गंदगी को 10 किमी दूर ले जाकर निपटान
**1 करोड़ :** पाल की पिचिंग और चौड़ीकरण करके पॉथ-वे का निर्माण
**50 लाख :** दो नालों को डायवर्ट करना
**2.50 करोड़ :** दो जगह वैटलेंड वेस्टवेयर ट्रीटमेंट सिस्टम का निर्माण
**1.85 करोड़ :** जलापूर्ति व स्वच्छता
**50 लाख :** सालिड वेस्ट मैनेजमेंट
**1.97 करोड़ :** बाउंड्रीवॉल
**2.87 करोड़ :** तीन प्रवेश द्वार, पार्किंग एरिया, लैंप पोस्ट, बैंच, बोटिंग, गजेबो
**40 लाख :** वॉच टॉवर, टूरिज्म ऑफिस और पब्लिक अवेयरनेस गतिविधि
**40 लाख:** तालाब के पानी की नियमित मॉनिटरिंग
**3.48 करोड़ :** जीएसटी

भास्कर 31



अमृत सागर तालाब को जलकुंभी ने ढंक दिया है।

**केंद्र 6.85 करोड़ का अनुदान राज्य सरकार को दे चुका :** केंद्र सरकार ने पहली किस्त में 6.85 करोड़ रुपए का अनुदान राज्य सरकार को दे दिया है। 4 फरवरी के संभावित दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भूमिपूजन करने के साथ ही इसी राशि में से 4 करोड़ का चेक प्रशासन को सौंपेंगे।

▪ *22.84 करोड़ से अमृत सागर तालाब का सौंदर्यीकरण होगा। केंद्र सरकार पहली किस्त में 6.85 करोड़ का अनुदान दे चुकी है।*
**चेतन्य काश्यप,** विधायक

▪ *लोगों की सुविधा के लिए प्रोजेक्ट को समय सीमा में पूरा करेंगे। लागत में 10% योगदान नगर निगम का भी होगा।*
**सोमनाथ झारिया,** कमिश्नर

# नल-जल योजना : 6 करोड़ बाकी, 150 नलकूपों के कनेक्शन काटे, सर्दी में गहराने लगा जलसंकट

### कई पंचायतों ने सालों से जमा नहीं कराया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिल जमा नहीं कराने पर बिजली कंपनी ने रतलाम, सैलाना और बाजना की पंचायतों के 150 से ज्यादा वॉटर वर्क्स के बिजली कनेक्शन काट दिए हैं।

जिन पंचायतों के बिजली कनेक्शन काटे उन पर बिजली कंपनी का अकेले वॉटर वर्क्स का 6 करोड़ रुपए से ज्यादा बिल बकाया है। इसके लिए बिजली कंपनी के अधिकारियों ने कई बार पंचायत के सचिवों एवं सरपंचों से बिजली बिल जमा कराने की गुजारिश की। लेकिन हर बार बजट नहीं होने का हवाला देते हुए बिजली का बिल जमा नहीं कराया। पहले सरकार सीधे कंपनी को बिल का भुगतान करती थी। लेकिन अब ये अधिकार पंचायतों को दे दिए गए हैं। बकाया होने से बिजली कंपनी ने कनेक्शन काटे हैं। नल-जल योजना और नलकूप के साथ कंपनी ने पंचायतों के स्ट्रीट लाइट व पंचायत भवनों के भी कनेक्शन विच्छेद किए हैं। इसमें वॉटर वर्क्स के 150, स्ट्रीट लाइट के 125 और पंचायत भवनों के 75 कनेक्शन काटे हैं। जलसंकट के हालात बन गए हैं।

### कई बार सूचना देने के बाद भी बिल नहीं भरा

बिजली कंपनी के डीई ग्रामीण जयपाल ठाकुर ने बताया कई बार रिमाइंडर भेजा। बावजूद बिजली का बिल जमा नहीं हो पाया है। कई पंचायतों के तो सालों से बकाया है। इससे मजबूरी में कनेक्शन काटने की कार्रवाई करना पड़ रही है। वहीं कई पंचायतें ऐसी भी है जो आगे आकर बिजली का बिल जमा करा रही है। कंपनी की सभी पंचायतों से गुजारिश है कि वॉटर वर्क्स, स्ट्रीट लाइट और पंचायत भवनों का बकाया बिल तुरंत भरें। भास्कर 31


### गांवों में पानी की किल्लत हुई शुरू

शिवपुर ग्राम पंचायत की नल जल योजना का बिजली कनेक्शन कट गया है। इससे पानी की किल्लत शुरू हो गई है। ऐसा पहली बार हुआ है जब नल जल योजना का कनेक्शन काट दिया गया है।

**1 करोड़ रुपए के करीब जमा कराए हैं :** जिला पंचायत सीईओ संदीप केरकेट्टा ने बताया बकाया बिल जमा करा रहे हैं। अभी तक एक करोड़ रुपए के करीब जमा करा चुके हैं। 15 वे वित्त में राशि जमा है। शासन से अनुमति मांगी है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 10 दिनांक 31/01/2021

## सीमेंट कांक्रीट की पक्की सड़क पर किया डामरीकरण



**रतलाम** | कालिकामाता मंदिर परिसर मुख्य मार्ग की अच्छी खासी सड़क पर नगर निगम ने दोबारा डामरीकरण कर दिया है। वहीं यहीं से निकट रामद्वारा से शनि मंदिर सड़क की हालत जर्जर है। यहां सड़क बनाना तो दूर नगर निगम को सड़क की मरम्मत की भी चिंता नहीं है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि 5 साल पहले मुख्य मार्ग पर सीसी रोड बनाई थी। यदि यही डामरीकरण रामद्वारा वाली सड़क पर होता तो लोगों को आने जाने में सुविधा होती। फोटो-चिंटू मेहता

भास्कर 31

## शहर में कितना कचरा निकला, जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में अब रोजाना होगा तौल

**रतलाम** | डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियां रोजाना शहर से कितना कचरा उठा रही है, यह पता करने के लिए नगर निगम अब जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर रोजाना कचरा तौल करेगा। इसके लिए आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दो कर्मचारी कमल टांक और देवेंद्र मांगीलाल की तैनाती कर दी है। ये दो पाली में कचरा संग्रहण वाहन, डंपर और ट्रैक्टर ट्रॉली से आने वाले कचरे का पहले वाहन सहित और बाद में खाली होने के बाद भी वाहन का वजन करेंगे। आयुक्त झारिया ने बताया ट्रेंचिंग ग्राउंड में वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया जाना प्रस्तावित है। यह उसकी ही तैयारी है। इसकी रिपोर्टिंग सरकार तक जाएगी। भास्कर 31

## निगम में तो रस्म मात्र रही

इधर नगर निगम में बापू को याद करने का कार्य मात्र रस्म अदायगी बनकर रहा। यहां पर वरिष्ठ अधिकारी सुबह 11 बजे बापू को याद करने के दौरान नदारत ही रहे। जलविभाग के प्रभारी एसपी आचार्य, कर्मशाला विभाग के एमके जैन को छोड़कर लोकनिर्माण विभाग, पेंशन विभाग, संपत्तिकर विभाग, स्टोर रूम सहित अन्य विभाग प्रभारी नगरनिगम ही सुबह 11 बजे तक नहीं आ पाए थे। दोपहर 11.30 बजे तक कर्मचारियों का निगम आने का क्रम जारी रहा। यहां तक की कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बापू को याद करने के दौरान नदारत रहे।

अधिकारी तो सुबह से आए ही नहीं व जो आए वो बाहर चाय पीने चले गए है।



नगर निगम में कर्मचारियों ने निभाई रस्म।

पत्रिका 31

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 05 दिनांक 31/01/2021

स्वच्छता के लिए नागरिकों का सजग रहना जरुरी

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में जागरुकता कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने लिया संकल्प

रतलाम। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हर नागरिक का सजग रहना जरुरी है। हर नागरिक अपने घर, दुकान, प्रतिष्ठान आदि का कचरा निर्धारित कचरा संग्रहण वाहन में डाले और इस काम के लिए अपने आसपास के लोगो को भी प्रेरित करें। अगर कोई नियमों के विपरित इधर–उधर कचरा फेकता है तो उसकी शिकायत संबंधित विभाग या क्षेत्रीय दारोगा को करे। हमे स्वस्थ रहने के लिए सफाई रखना बहुत जरूरी है और सफाई रखना हर व्यक्ति का दायित्व है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान शुक्रवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलो पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है। ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

इन्दौर 31

# स्वच्छता के लिए नागरिकों का सजग रहना जरुरी

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में जागरुकता कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने लिया संकल्प

प्रसारण न्यूज • रतलाम



शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हर नागरिक का सजग रहना जरूरी है। हर नागरिक अपने घर, दुकान, प्रतिष्ठान आदि का कचरा निर्धारित कचरा संग्रहण वाहन में डाले और इस काम के लिए अपने आसपास के लोगो को भी प्रेरित करें। अगर कोई नियमों के विपरित इधर-उधर कचरा फेकता है तो उसकी शिकायत संबंधित विभाग या क्षेत्रीय दारोगा को करे। हमे स्वस्थ रहने के लिए सफाई रखना बहुत जरूरी है और सफाई रखना हर व्यक्ति का दायित्व है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालो पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान शुक्रवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।

इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है. ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

प्रसारण 31

## स्थानीय अवकाश घोषित किए

रतलाम. कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने वर्ष 2021 के लिए रतलाम जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। 10 सितंबर को अनादिकल्पेश्वर महादेव सवारी के दूसरे दिन आलोट के लिए, 10 सितंबर गणेश चतुर्थी पर , 17 सितंबर को डोल ग्यारस जावरा तहसील में, 28 सितंबर को चेहल्लुम के दूसरे दिन जावरा में, 6 अक्टूबर सर्व पितृ अमावस्या को, महानवमी 14 अक्टूबर को जावरा तथा सैलाना में, 5 नवंबर दीपावली के दूसरे दिन, 6 नवंबर भाईदूज को सैलाना में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## कलेक्टर ने स्थानीय अवकाश घोषित किए

रतलाम | कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने वर्ष 2021 के लिए रतलाम जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। आदेश के मुताबिक 7 सितंबर को अनादिकल्पेश्वर महादेव सवारी के दूसरे दिन आलोट में अवकाश रहेगा, 10 सितंबर गणेश चतुर्थी पर रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना, आलोट तहसील में, 17 सितंबर को डोल ग्यारस जावरा तहसील में, 28 सितंबर को चेहल्लुम के दूसरे दिन जावरा में, 6 अक्टूबर सर्वपितृ अमावस्या को रतलाम शहर तथा ग्रामीण में, महानवमी 14 अक्टूबर को जावरा तथा सैलाना में, 5 नवंबर दीपावली के दूसरे दिन रतलाम शहर, ग्रामीण तथा आलोट में, 6 नवंबर भाईदूज को सैलाना में स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## अवकाश घोषित

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने वर्ष 2021 के लिए रतलाम जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। उक्तानुसार 10 सितम्बर को अनादिकल्पेश्वर महादेव सवारी के दूसरे दिन आलोट के लिए, 10 सितम्बर गणेश चतुर्थी पर रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना, आलोट तहसीलों में, 17 सितम्बर को डोल ग्यारस जावरा तहसील में, 28 सितम्बर को चेहल्लुम के दूसरे दिन जावरा में, 6 अक्टूबर सर्व पितृ अमावस्या को रतलाम शहर तथा ग्रामीण में, महानवमी 14 अक्टूबर को जावरा तथा सैलाना में, 5 नवम्बर दीपावली के दूसरे दिन रतलाम शहर, ग्रामीण तथा आलोट में, 6 नवम्बर भाईदूज को सैलाना में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## स्थानीय अवकाश घोषित

रतलाम ● कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने वर्ष 2021 के लिए रतलाम जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। उक्तानुसार 10 सितम्बर को अनादिकल्पेश्वर महादेव सवारी के दूसरे दिन आलोट के लिए, 10 सितम्बर गणेश चतुर्थी पर रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना, आलोट तहसीलों में, 17 सितम्बर को डोल ग्यारस जावरा तहसील में, 28 सितम्बर को चेहल्लुम के दूसरे दिन जावरा में, 6 अक्टूबर सर्वपितृ अमावस्या को रतलाम शहर तथा ग्रामीण में, महानवमी 14 अक्टूबर को जावरा तथा सैलाना में, 5 नवम्बर दीपावली के दूसरे दिन रतलाम शहर, ग्रामीण तथा आलोट में, 6 नवम्बर भाईदूज को सैलाना में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## स्थानीय अवकाश घोषित

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने वर्ष 2021 के लिए रतलाम जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए है। उक्तानुसार 10 सितम्बर को अनादिकल्पेश्वर महादेव सवारी के दूसरे दिन आलोट के लिए, 10 सितम्बर गणेश चतुर्थी पर रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना, आलोट तहसीलों में, 17 सितम्बर को डोल ग्यारस जावरा तहसील में, 28 सितम्बर को चेहल्लुम के दूसरे दिन जावरा में, 6 अक्टूबर सर्व पितृ अमावस्या को रतलाम शहर तथा ग्रामीण में, महानवमी 14 अक्टूबर को जावरा तथा सैलाना में, 5 नवम्बर दीपावली के दूसरे दिन रतलाम शहर, ग्रामीण तथा आलोट में, 6 नवम्बर भाईदूज को सैलाना में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## नगरीय निकाय चुनाव : मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 8 फरवरी को होगा

भोपाल | राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों की चुनावों की तैयारी को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। प्रदेश के 354 निकायों के चुनाव अप्रैल के प्रथम सप्ताह में संभावित हैं। इसी के मद्देनजर आयोग ने मतदाता सूची 8 फरवरी को प्रकाशित किए जाने का कार्यक्रम तय किया है। अगले सात दिन यानी 15 फरवरी तक मतदाता सूची पर दावे आपत्तियां बुलाई जाएंगी। इसमें जिन मतदाताओं के नए नाम जोड़े जाना है। स्थान का परिवर्तन हुआ है तो उसका निराकरण कर 3 मार्च तक अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–––पृष्ठ 08 दिनांक......31/01/2021

प्रसारण 31/

# ऊंकाला रोड़ को लेकर बसंत कॉलोनी के रहवासियों ने किया चक्काजाम


प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

आज सुबह बसंत नगर के रहवासियों ने ऊंकाला रोड़ के निर्माण कार्य को आधे में ही रोक देने व उससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं व आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर मुख्य मार्ग को रोककर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम करने वालों में अधिकतर वहां की महिलाएं, वृद्ध व क्षेत्रीय रहवासी बड़ी तादाद में उपस्थित थे। रहवासियों ने सड़क के दोनों ओर से मार्ग को रोककर यातायात अवरूद्ध कर दिया, जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई, जिससे लोगों को आने जाने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

यातायात अवरोध होता देख तुरंत वहा निगम के जिम्मेदार पदाधिकारी भी पहुंच गए, किन्तु स्थानीय रहवासियों ने उनकी एक न सुनी और निगम प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। बात बिगड़ती देख वहां पर सम्बधित थाने के थाना प्रभारी मय पुलिस बल के वहा पहुंच गए और उन्होंने भी रहवासियों को समझाईश देते हुए मार्ग को खोलने का कहा व यातायात बहाल करने को कहा और उनकी समस्याओं को लेकर एस डी एम महोदय को अवगत कराया।

यातायात बहाल होने के पश्चात क्षेत्रीय रहवासी नारेबाजी करते हुए sdm के वहां पहुंचे व उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराने हेतु 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रुप से टाईगर ग्रुप संचालक लखन राजवनिया, वरुण रुपानीया, परमानंद सोनगरा, पत्रकार भरत शर्मा, वर्षा भल्ला, दिनेश बैरागी व गायत्री प्रसाद दीक्षित उपस्थित थे।



## बन्द पड़ा हुआ है निर्माण कार्य

ऊंकाला रोड़ का कार्य विगत कई महिनो से बन्द पड़ा हुआ है, यह मुद्दा सर्वप्रथम मीडिया ने अपने समाचारो में प्रमुखता से उठाया था, जिससे प्रशासनिक स्तर पर काफी ऊहापोह मची थी और इस विषय को लेकर विधायक को भी मीडिया ने ही अवगत कराया था, जिससे कार्य तो चालू हो गया था, किन्तु विभागों द्वारा आपसी तालमेल न बैठ पाने के कारण काम फिर बन्द हो गया, जिससे आए दिन समस्याएं बढ़ती जा रही है। स्थानीय प्रशासन को भी कभी कोई बड़ी जनहानि न हो, इस ओर भी ध्यान देना चाहिए।

संकलन—नगर निगम, रतलाम अखबार—स्वदेश—पृष्ठ 09 दिनांक 31/01/2021

# अधूरे सड़क निर्माण कार्य को लेकर रहवासियों ने किया चक्काजाम

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

शनिवार सुबह बसंत नगर के रहवासियों ने उकाला रोड के निर्माण कार्य को आधे में ही रोक देने व उससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं व आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर चक्काजाम कर दिया। जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई।

यातायात अवरोध होता देख तुरंत वहां निगम के जिम्मेदार पदाधिकारी भी पहुंच गए,किन्तु स्थानीय रहवासियों ने उनकी एक न सुनी और निगम प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। बात बिगड़ती देख वहां पर संबंधित थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए और उन्होंने भी रहवासियों को समझाईश देते हुए मार्ग को खोलने व यातायात बहाल करने को कहा और उनकी समस्याओं को लेकर एसडीएम से अवगत कराया। यातायात बहाल होने के पश्चात क्षेत्रीय रहवासी नारेबाजी करते हुए एसडीएम के यहां पहुंचे व उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराने हेतु चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से टाईगर ग्रुप संचालक लखन राजवनिया, वरुण रुपानीया, परमानंद सोनगरा उपस्थित थे।

स्वदेश 31

# ऊंकाला रोड का काम अधूरा, चौथी बार किया चक्काजाम



ऊंकाला रोड पर चक्काजाम करते हुए क्षेत्रीय रहवासी। ●नईदुनिया

रतलाम। ऊंकाला रोड का निर्माण कार्य अधूरा होने से परेशान वसंत नगर के रहवासियों शनिवार सुबह करीब 11 बजे ऊंकाला मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। क्षेत्र की महिलाएं, बच्चों सहित अन्य रहवासियों ने नारेबाजी कर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने की मांग की। नगर निगम अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन रहवासियो नें उनकी बात नहीं सुनी। बाद में स्टेशन रोड थाना टीआई किशोर पाटनवाला ने रहवासियों को काम प्रारंभ करवाने के लिए अधिकारियों से चर्चा का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। करीब एक घंटे तक चक्काजाम रहा। इससे पहले भी तीन बार रहवासी यहां चक्काजाम व प्रदर्शन कर चुके हैं।

### एसडीएम को दिया ज्ञापन

चक्काजाम खत्म करने के बाद रहवासी नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि ऊंकाला रोड का कार्य प्रारंभ होने के बाद इसे फोरलेन किए जाने का निर्णय किया गया, इससे काम बंद हो गया। पूर्व में प्रदर्शन करने के बाद काम फिर से प्रारंभ हुआ और विभागीय तालमेल न होने से कुछ दिन बाद काम फिर बंद हो गया। सीवरेज की खोदाई से भी परेशानी है। पूर्व व वर्तमान कलेक्टर, निगमायुक्त सहित शहर विधायक को भी अवगत कराया, लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ। ज्ञापन देने वालो में टाइगर ग्रुप संचालक लखन राजवनिया, वरुण रुपानिया, परमानंद सोनगरा, पत्रकार भरत शर्मा, वर्षा भल्ला, दिनेश बैरागी, गायत्री प्रसाद दीक्षित उपस्थित थे।

नईदुनिया 31

# उकाला रोड का काम रुका तो रहवासियों ने किया चक्काजाम

## जल्द काम शुरू नहीं होने पर लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

भास्कर संवाददाता | रतलाम



सड़क निर्माण के लिए उकाला रोड पर चक्काजाम करते रहवासी।

उकाला रोड का काम शुरू नहीं होने से नाराज क्षेत्र की जनता शनिवार सुबह सड़क पर उतर गई और सुबह 11 बजे चक्काजाम कर दिया। नाराज रहवासियों ने आयुक्त मुर्दाबाद के नारे लगाए।

रहवासियों ने बताया कि पेट्रोल पंप के पास से टू लेन का काम शुरू हुआ था। इससे लगा था कि अब गड्ढों की समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी लेकिन थोड़ा काम हुआ और काम बंद हो गया। इससे परेशानी और बढ़ गई। इससे रोजाना दुर्घटना हो रही है। अभी तक कई लोग गिर कर घायल हो गए हैं। इसके बाद भी नगर निगम और जिला प्रशासन को लोगों की चिंता नहीं है। आखिर कब तक परेशानी में रहें। इससे आज मजबूरी में सड़क पर उतरना पड़ा है। लोगों द्वारा चक्काजाम करने से दोनों और वाहनों की कतार लग गई।

निगम के अधिकारी समझाने पहुंचे लेकिन लोगों ने एक ना सुनी व रास्ते से हटे नहीं। इसके बाद स्टेशन रोड टीआई मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। रहवासियों से कहा कि आपकी समस्या वाजिब है लेकिन हल चक्काजाम नहीं है। आप रास्ते से हटो। इसके बाद एसडीएम से चर्चा की तो लोग रास्ते से हटे। इसके बाद क्षेत्र के लोग एसडीएम के पास पहुंचे और रोड का निर्माण शुरू करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर लखन राजवनिया, वरुण रुपानिया, परमानंद सोनगरा, पत्रकार भरत शर्मा, वर्षा भल्ला, दिनेश बैरागी, गायत्री प्रसाद दीक्षित सहित क्षेत्र के रहवासी मौजूद थे।

### दूसरी बार जाम लेकिन नहीं सुधरी स्थिति

उकाला रोड पर 11 दिन में दूसरी बार चक्काजाम हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता बलराम मीणा के नेतृत्व में क्षेत्र के रहवासियों ने चक्काजाम किया था। इस पर सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल पहुंचे थे व लोगों को समझाया था कि जब तक रोड नहीं बनता है तो तब तक हम सड़क का लेवल व्यवस्थित कर देंगे ताकि आने-जाने में परेशानी ना हो।

भास्कर 31

**नहीं बिक रहे एलआइजी-एमआइजी: गरीबों के आवास के लिए जुटाएंगे 750 करोड़**

# निकायों के गले पड़े किफायती घर, अब इन्हें बिल्डरों को देगी सरकार

पत्रिका स्पॉटलाइट

अशोक गौतम
patrika.com

**भोपाल.** करीब डेढ़-दो साल से निकायों के गले पड़े किफायती मकानों, दुकानों व ऑफिस एरिया सहित अन्य व्यावसायिक संपत्तियों को सरकार अब बिल्डरों को सौंपने की तैयारी कर रही है। इसे बेचकर सरकार को जो 750 करोड़ रुपए मिलेंगे, उससे गरीबों के 45 हजार मकान बनाए जाएंगे। पैसों के अभाव में अभी गरीबों के मकानों का काम थम सा गया है। आर्थिक मंदी और कोरोना संक्रमण के चलते करीब 20 हजार से अधिक मकान, दुकान सहित अन्य संपत्तियां बिक नहीं पा रही हैं। इन संपत्तियों को बेचने के लिए सरकार ने अभी हाल ही में बिल्डरों से कॉन्फ्रेंस की थी।

**ब्याज में मिलेगी सब्सिडी:** योजना के अनुसार आवासहीन लोग अगर इन आवासों को लेते हैं तो सरकार उन्हें ब्याज में सब्सिडी देगी। जिनके पास मकान है, उन्हें निकायों द्वारा तय दर पर ही खरीदना होगा।

### बनकर तैयार हुए आवास

एमआइजी: 1427

एलआइजी: 1800

ईडब्ल्यूएस: 26525

दुकानें: 74

(कुल 29890 आवास बन कर तैयार हो गए हैं, लेकिन इनमें प्लास्टर, नल, बिजली फिटिंग सहित अन्य कार्य बाकी है।)



### आधे-अधूरे हैं ज्यादातर प्रोजेक्ट

सरकार के ज्यादातर प्रोजेक्ट अभी आधे-अधूरे ही हैं। कुछ में आवासों की बुकिंग हुई है, लेकिन ज्यादातर ऐसे ही हैं। प्रोजेक्ट की लांचिंग के समय इसे तीन से चार साल में पूरा करने का वादा किया गया था, लेकिन पूरे प्रोजेक्ट की बुकिंग नहीं होने से निकायों को इन्हें पूरा करना मुश्किल लग रहा है। अब जब तक ये प्रोजेक्ट बिकेंगे नहीं, तब तक गरीबों के आवास तैयार नहीं हो सकेंगे।

### 61 हजार एलआइजी और एमआइजी आवास बनाना है

**प्रदेश** में कुल 61 हजार से अधिक एलआइजी, एमआइजी मकान बनाया जाना है। इनमें लगभग 17 हजार लगभग तैयार हैं। 26525 ईडब्ल्यूएस के भी बन चुके हैं, जिनमें से 60% की बुकिंग हो चुकी है। कई शहरों में तो पैसों के अभाव में सिर्फ एक-दो फ्लोर ही बन पाए हैं।

**निकायों पर बन रहा दबाव:** अफोर्डेबल हाउस स्कीम से तैयार होने वाले करीब 45 हजार ईडब्ल्यूएस आवास में 26 हजार की बुकिंग भी हो चुकी है। इन्हें भी दो साल के अंदर ही मकान बनाकर देना है। इसके लिए नगरीय निकायों पर दबाव भी बन रहा है।

### भोपाल-इंदौर में ज्यादा आवास

सबसे ज्यादा 8 हजार किफायती आवास भोपाल-इंदौर में हैं। इसके अलावा अन्य व्यवसायिक संपत्तियां और शासकीय जमीन भी इन्हीं शहरों में हैं। प्रदेश के कुल 40 शहरों में योजना लांच की गई थी। इसमें भोपाल में 2800, इंदौर में 5000, ग्वालियर में 1850, कटनी में 1250, जबलपुर में 1100, सागर में 600, रीवा में 900 आवास बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ शहरों में आवास बनाए जा रहे हैं।



पत्रिका 31

## 300 वर्ग मीटर तक के भू-खण्डों पर जारी कर सकेंगे भवन अनुज्ञा

रतलाम। राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम-2012 के नियम 6 के उप-नियम (3) में संशोधन किया गया है। अब पंजीकृत वास्तुविद/स्ट्रक्चरल इंजीनियर को संचालक नगर तथा ग्राम निवेश के अनुमोदन के बाद 300 वर्ग मीटर तक के क्षेत्रफल के भू-खण्डों पर भवन अनुज्ञा जारी करने के लिये प्राधिकृत किया जा सकेगा। ऐसे कॉलोनाइजर, जो भू-खण्ड/भवन विक्रय करते हैं, को ऐसी अनुज्ञा जारी नहीं की जा सकती। सक्षम प्राधिकारी भवन अनुज्ञा जारी करने की शक्ति किसी भी ऐसे वास्तुविद/स्ट्रक्चरल इंजीनियर को नहीं देगा, जो 10 वर्ष का अनुभव नहीं रखते हों तथा अन्य निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं करते हों। आयुक्त नगर नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज श्रीवास्तव द्वारा इस संबंध में यथोचित कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं। स्वदेश 31

## पंजीकृत वास्तुविद् 300 वर्ग मीटर तक के भू-खण्डों पर जारी कर सकेंगे भवन अनुज्ञा

रतलाम। राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम-2012 के नियम 6 के उप-नियम (3) में संशोधन किया गया है। अब पंजीकृत वास्तुविद/स्ट्रक्चरल इंजीनियर को संचालक नगर तथा ग्राम निवेश के अनुमोदन के बाद 300 वर्ग मीटर तक के क्षेत्रफल के भू-खण्डों पर भवन अनुज्ञा जारी करने के लिए प्राधिकृत किया जा सकेगा।

ऐसे कॉलोनाइजर, जो भू-खण्ड/भवन विक्रय करते हैं, को ऐसी अनुज्ञा जारी नहीं की जा सकती। सक्षम प्राधिकारी भवन अनुज्ञा जारी करने की शक्ति किसी भी ऐसे वास्तुविद/स्ट्रक्चरल इंजीनियर को नहीं देगा, जो 10 वर्ष का अनुभव नहीं रखते हों तथा अन्य निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र रतलाम पृष्ठ 12 दिनांक 31/01/2021



# संभागायुक्त श्री संदीप यादव ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर समीक्षा की

रतलाम आए उज्जैन संभागायुक्त श्री संदीप यादव शासकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में डीन डॉ. शशि गांधी से मेडिकल कॉलेज के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी भी उपस्थित थे। संभागायुक्त ने मेडिकल कॉलेज के स्टाफ से भी चर्चा की, स्टाफ के साथ बैठक लेते हुए उनके कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मेडिकल कॉलेज डीन के साथ बैठक में संभागायुक्त द्वारा कॉलेज में स्टाफ की उपलब्धता, स्टाफ पैटर्न, बजट उपलब्धता, स्टूडेंट की पढ़ाई, फर्नीचर, कोविड-हॉस्पिटल की व्यवस्थाएं आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान के भ्रमण के दृष्टिगत संभागायुक्त ने रूट चेक किया-** मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के आगामी दिनों में प्रस्तावित रतलाम भ्रमण के दृष्टिगत शुक्रवार को संभागायुक्त श्री संदीप यादव द्वारा मुख्यमंत्री भ्रमण के रूट चेक करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, सीएसपी श्री हेमंत चौहान आदि उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री यादव द्वारा बंजली हवाई पट्टी पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इसके अलावा पलसोड़ा तथा डोसी गांव में भी सम्पादित की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण करते हुए दिशा-निर्देश दिए। स्वतंत्र 31

## स्वच्छंद विचरण करने वाले 604 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहो पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 29 जनवरी तक 604 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 29 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 604 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 29 जनवरी को जावरा रोड व अलकापुरी से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहुचता है तो पालक पर 500 रुपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा।

## गंदगी करने पर 18 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम । नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर हेमन्त दो बत्ती पर 500, नेशनल इलेक्ट्रीक चमारिया नाका पर 250, कमल, सुनील महू रोड बस स्टैण्ड, राठौर रेस्टोरेंट त्रिपोलिया गेट, विष्णु कसेरा, मुनव्वर जी चांदनी चौक पर 100-100, बबलू त्रिपोलिया गेट, नानीबाई, इमरान, साजिद, हेमराज, विरेन्द्र, आफताब, सोनू, मोहनलाल, भेरू व जितेन्द्र चांदनी चौक पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री विनय चौहान आदि के द्वारा की गई।

### न्यूज गैलरी

## जिले के स्थानीय अवकाश घोषित

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने वर्ष 2021 के लिए रतलाम जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए है। इसमें 10 सितंबर को अनादिकल्पेश्वर महादेव सवारी के दूसरे दिन आलोट के लिए, 10 सितंबर गणेश चतुर्थी पर रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना, आलोट तहसील, 17 सितंबर को डोल ग्यारस जावरा तहसील, 28 सितंबर को चेहल्लुम के दूसरे दिन जावरा, 6 अक्टूबर सर्वपितृ अमावस्या को रतलाम शहर, ग्रामीण, महानवमी 14 अक्टूबर को जावरा, सैलाना, 5 नवंबर दीपावली के दूसरे दिन रतलाम शहर, ग्रामीण, आलोट, 6 नवंबर भाईदूज को सैलाना में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## 612 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 612 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा जा चुका है। शनिवार को अलकापुरी, सैलाना रोड सहित नगर के अन्य क्षेत्रों से आठ मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

नई दुनिया 31

## स्वच्छंद विचरण करने वाले 604 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 29 जनवरी तक 604 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 29 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 604 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 29 जनवरी को जावरा रोड व अलकापुरी से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहुचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा।

## स्वच्छंद विचरण करने वाले 593 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम । रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा [illegible] जिसके तहत 12 अक्टूबर से 28 जनवरी तक 593 मवेशियों [illegible]ड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया।

संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार-नईदुनिया--पृष्ठ 02 दिनांक....31/01/2021

# गंदगी फैलाने वाले 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने पर ग्लोबल इलेक्ट्रीक स्टेशन रोड पर 500, संगम इलेक्ट्रीक, बादशाह इलेक्ट्रीक स्टेशन रोड पर 250-250, जैन रेस्टोरेंट, रतलाम कैफे, गोवर्धनलाल स्टेशन रोड, मक्खन, प्रकाश दो बत्ती, मनीष महू रोड बस स्टैंड, घनश्याम महू रोड पर 100-100, कमल, गोपाल महू रोड, ओमप्रकाश महू रोड बस स्टैंड पर 50-50 रुपये का जुर्माना किया गया।

## 100 दिनों में ठीक किए 136 वॉल्व व 679 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 100 दिनों में 136 वॉल्व व 679 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है।

शनिवार को हिम्मत विहार कॉलोनी, त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड, ऊर्जा नगर, वार्ड -08 पहलवान बाबा की चाल, नयागांव राधाकृष्ण मंदिर व अंबिका नगर में पाइप लाइन लीकेज ठीक किया गया। यह कार्य कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी, नीरज बावत, मोहन आदि के निर्देशन में किया गया।

नईदुनिया 31

# गंदगी करने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डलते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है, ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सी सी टी वी कैमरों से सत निगरानी रखी जा रही है, इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर देवदत्त, दीपक, कमल धानमण्डी, सोमनाथ नमकीन बिरियाखेड़ी पर 500-500, राज इन्टरप्राईजेस, गुंजन ट्रेडर्स धानमण्डी पर 250-250, नन्दु मुनिया महू रोड पर 150, जायसवाल, योगेन्द्र महू रोड, केसर महू रोड व सावंत छत्रीपुल पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाईन किया गया।

# गंदगी करने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डलकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानो पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर देवदत्त, दीपक, कमल धानमण्डी, सोमनाथ नमकीन बिरियाखेड़ी पर 500-500, राज इन्टरप्राईजेस, गुंजन ट्रेडर्स धानमण्डी पर 250-250, नन्दु मुनिया महू रोड पर 150, जायसवाल, योगेन्द्र महू रोड, केसर महू रोड व सावंत छत्रीपुल पर 50-50 रुपये का स्पॉट फाईन किया गया।

# अब रात में भी पकड़ेंगे मवेशी

रतलाम. अब तक दिन में कभी तीन तो कभी पांच मवेशी पकड़ने वाली नगर निगम रात में भी मवेशी पकड़ने का कार्य करेगी। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी एपीसिंह ने बताया कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा रात में भी मवेशी पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा।

# वार्ड वार बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की शुरुआत सोमवार से की गई। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे। शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिए 01 फरवरी को मॉर्निंग स्टार स्कूल, वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिए 2 से 3 फरवरी तक कस्तूरबा नगर सारस्वतजी के मकान के सामने, वार्ड क्रमांक 9 व 10 के लिए 4 फरवरी को प्रियदर्शनी नगर, वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिए 5 से 6 फरवरी तक को डोंगरे नगर, वार्ड क्रमांक 46, 47 व 48 के लिए 8 फरवरी को हाट रोड माताजी का मंदिर, वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिए 09 फरवरी को कलीमी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 18 के लिए 3 से 10 फरवरी तक राजेंद्र नगर में कार्यालयीन समय में बकाया वसूली शिविर लगेगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 01 दिनांक 31/01/2021

# शहर में तीन रैनबसेरे, ठहरने वाले 10 भी नहीं

## निगम के इंतजामों के बाद भी नहीं आ रहे लोग, सामाजिक संस्थाएं भोजन भी देती हैं

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** निराश्रितों, मजदूर वर्ग के लिए शहर में नगर निगम द्वारा संचालित तीन रैनबसेरों में जरूरी सुविधाएं होने के बाद भी ठहरने वालों की संख्या नाम मात्र की रहती है। इंदौर में भिक्षावृत्ति करने वालों को शिप्रा के पास निगम के वाहन से छोड़ने की घटना के बाद निगम प्रशासन और सक्रिय हुआ है। शनिवार रात रैनबसेरा प्रभारी नीतिन तिवारी सहित अन्य अमला मोबाइल वैन लेकर शहर के सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचा, लेकिन 2 लोग ही रैनबसेरा में जाने के लिए राजी हुए, जिन्हें वैन से पांजरा पोल ले जाया गया।

मालूम हो कि नगर निगम द्वारा सिविक सेंटर, बस स्टैंड स्थित सुभाष कॉम्प्लेक्स में पांजरा पोल स्थित आश्रय भवन में रैनबसेरा संचालित किया जाता है। सिविक सेंटर पर 22, पांजरा पोल पर 25 व बस स्टैंड पर 18 लोगों के ठहरने की व्यवस्था है। यहां पानी, बिस्तर, लैट-बाथ के इंतजाम हैं। मनोरंजन के लिए टीवी भी लगाई गई है। शहर की सामाजिक संस्थाएं भी यहां आने वालों को भोजन प्रदाय करती है। इसके बावजूद ठहरने वालों की संख्या दहाई तक भी नहीं पहुंचती




पांजरा पोल स्थित रैनबसेरा खाली पड़ा रहता है। • नईदुनिया

है। पांजरा पोल में गत एक सप्ताह में औसतन 3 से चार लोग ही ठहरने पहुंचे। सिविक सेंटर में यह संख्या दो है। बस स्टैंड पर चार से छह लोग प्रतिदिन ठहरते हैं। इस तरह तीनों सेंटर पर 10 लोग ही ठहर रहे हैं।

### इस वजह से नहीं आते

दरअसल शहर में कालिका माता मंदिर परिसर में सर्वाधिक निराश्रित डेरा डाले हुए हैं। यहां संचालित अन्नक्षेत्र से उन्हें भोजन मिल जाता है। इसी तरह मंदिर आने वाले श्रद्धालु भी दान स्वरूप नकदी, भोजन व अन्य सामग्री दे देते हैं। इस वजह से वे यहां से जाना नहीं चाहते। गत वर्ष रैनबसेरों में संख्या कुछ ज्यादा थी, लेकिन इस बार कोरोना का भी असर है।

> सभी रैनबसेरों पर जरूरी सुविधाओं के इंतजाम किए गए है। लगातार मानीटरिंग की जाती है। निराश्रितों, मजदूरों को इस सुविधा का लाभ मिले, इसके लिए रात में वाहन भी भेजते है। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव भी जलाए जा रहे है।
>
> -सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त



कालिका माता परिसर में निराश्रितों को रैनबसेरा ले जाने के लिए चर्चा करते हुए निगम कर्मचारी। • नईदुनिया

### वृद्धाश्रम व सामाजिक संस्थाएं भी दे रही सुविधा

शहर में वृद्धों के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से विरियाखेड़ी में वृद्धाश्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा सामाजिक संस्थाओं द्वारा ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कंबल, स्वेटर सहित अन्य सामग्री भी वितरित की जा रही है। इससे निराश्रितों को परेशानी नहीं होती।

### कोरोना में करीब तीन लाख लोगों को भोजन कराया

लॉकडाउन के दौरान संस्थाओं द्वारा जरूरतमंदों को भोजन घर तक पहुंचाया। हाइवे पर जाने वाले मजदूरों, प्रवासियों को भी भोजन पैकेट बांटे गए। नगर निगम व अन्य संस्थाओं ने करीब तीन लाख लोगों को भोजन पैकेट वितरित किए। जैन हेल्पलाइन के महेंद्र गादिया ने बताया कि शहरवासी सेवा की सोच में अग्रणी है। इंदौर की घटना चिंता पैदा करती है। शहर व जिले में निराश्रितों के लिए हर स्तर पर मदद के लिए सभी तैयार रहते है।

नईदुनिया | 3 |